-:प्रेस नोट:-

पूर्व प्रापर्टी के विवाद को लेकर पिता ने की पुत्र की हत्या, हत्या करने वाले पिता को थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर पुलिस द्वारा 36 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

- **36 घंटे में किया हत्या का खुलासा।**
- **प्रापर्टी व घर में कलह को लेकर पूर्व से चला आ रहा था विवाद जिसको लेकर पिता ने खुन्नस में आकार तथा पुत्र को अकेला पाकर लकड़ी के फट्टे से सर पर प्रहार कर हत्या कर दी।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय कानपुर नगर एवं श्रीमान अपर पुलिस आयुक्त महोदय कानपुर नगर के आदेशानुसार व श्रीमान पुलिस उपायुक्त दक्षिण महोदय एवं श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण के निकट निर्देशन में श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता के कुशल पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान थाना प्रभारी महोदय के नेतृत्व में चलाये जा रहे अपराध रोकथाम व अपराधियो की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 20.06.2024 को मुकदमा वादिनी नन्द कुमारी पत्नी सुभाष विश्वकर्मा निवासी 463 आशा नगर गल्ला मंडी थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर द्वारा अपने पति की हत्या कर देने के संबंध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 265/24 धारा 302 आईपीसी दर्ज कराया गया। मुकदमा पंजीकृत होते ही हत्या की खुलासा करने हेतु तत्काल एक पुलिस टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा अंदर 36 घंटे में गहतना से साक्ष्य संकलन करते हुये हत्या का खुलासा कर अभियुक्त राकेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय पेशी हेतु रिमांड पर हनुमंत विहार पुलिस द्वारा भेजा जा रहा है।

नाम पता अभियुक्त:-

1. राकेश विश्वकर्मा पुत्र स्व0 छोटेलाल विश्वकर्मा नि0 463 आशा नगर गल्ला मंडी थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर उम्र करीब 60 वर्ष।

बरामदगी का विवरण:-

1. 01 अदद आला कत्ल (लकड़ी का फट्टा)
2. अभियुक्त द्वारा घटना कारित करते समय पहने हुई एक अदद बनियान

गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. थाना प्रभारी श्री उदय प्रताप सिंह थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर।
2. उ0नि0 अभिनव चौधरी चौकी प्रभारी गल्ला मंडी थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर।
3. उ0नि0 विमल प्रताप थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर।
4. उ0नि0 कप्तान सिंह थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर।
5. उ0नि0 विनीत कुमार थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर।
6. उ0नि0 अनूप कुमार थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर।
7. हे0का0 1822 रवि कुमार थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर।
8. का0 4057 लाखन सिंह थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर।